मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 95 ■ मंगलवार, 25 जून 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

संसद में गूंजा जय झूलेलाल

# अंबरनाथ में युवक की निर्मम हत्या

- हत्या के कारणों का पता नहीं
- पुलिस कर रही हत्यारों की तलाश

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के आर्डनेंस इस्टेट में एक युवक की चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी गई है. अंबरनाथ पुलिस ने अज्ञात हत्यारे के खिलाफ दफा 302 के तहत अपराध दर्ज करके हत्यारे की तलाश कर रही है. जावसई निवासी सचिन भोसले की रविवार रात में आर्डनेंस के अंबर चौक में अज्ञात हत्यारे ने किसी तेज धारदार हथियार से गला काटकर, पेट में वार करके हत्या कर दी है. हत्या की खबर मिलते ही अंबरनाथ पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई. किसी पुरानी दुश्मनी को लेकर सचिन की हत्या की गई होगी, ऐसा पुलिस को शक है.

सचिव को देर रात गए अंबर चौक पर किसने बुलाया था और उसकी हत्या क्यों की गई, इसकी जांच चल रही है. क्या सचिव के साथ और कोई आया था, ये भी जांच का विषय है. सचिन के माता-पिता ने बताया है कि रात 9 बजे सचिन को किसी ने फोन किया था. वह उसी समय घर से निकल गया था. हमें ये भी पता चला है कि हत्यारे ने सचिन की हत्या करके उसका मोबाइल भी लेकर चला गया है. ताकि उसका नाम मालूम ना हो सके. पुलिस को उम्मीद है कि हत्यारे जल्द पकड़े जाएंगे. शव को पोस्टमार्टम हेतु उल्हासनगर सेंट्रल अस्पताल ले जाया गया है.



कल्याण लोकसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार सांसद बने डॉ. श्रीकांत शिंदे ने लोकतंत्र के इस मंदिर को नमन कर संसद भवन में प्रवेश किया और कल दिल्ली में संसदीय सत्र के पहले दिन में भाग लेकर अपने क्षेत्र के प्रतिधित्तव का अवसर पाया।

घनश्याम भठीजा हत्याकांड केस रिओपन — आज से हाईकोर्ट में शुरू होगी सुनवाई

# पप्पू कालानी फिर जाएंगे जेल ?

- इंदर भठीजा मामले में मिल चुकी है उम्रकैद की सजा
- आगामी अक्टूबर में हो सकते हैं विधानसभा चुनाव




पुलिस हिरासत में पप्पू कालानी (फाइल फोटो)

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में घनश्याम भठीजा हत्याकांड में कल्याण सत्र न्यायालय ने पूर्व विधायक पप्पू कालानी को बरी कर दिया। राज्य सरकार ने सत्र के फैसले को बॉम्बे हाई कोर्ट में चुनौती दी थी. अदालत ने विशेष लोक अधिवक्ता अर्चना कटारिया द्वारा दायर विलंब माफी आवेदन को स्वीकार कर लिया गया है। इसलिए पप्पू कालानी की मुश्किल बढ़ गई हैं क्योंकि इस मामले की सुनवाई आज 25 जून को होगी. ऐसे में क्या पप्पू कालानी एक बार फिर जेल जाएंगे ? क्योंकि इंदर भठीजा हत्याकांड में उन्हें उम्र कैद की सजा सुनाई जा चुकी है और वो लंबे पैरोल पर पिछले कुछ सालों से बाहर हैं।

विदित हो कि 27 फरवरी 1990 को उल्हासनगर-3 ओटी सेक्शन में पिंटो पार्क के पास कांग्रेस नेता गोप बहरानी के बड़े भतीजे घनश्याम भठीजा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह हत्या विधानसभा चुनाव के मतदान के दिन शाम पांच बजे मतदान खत्म होने के बाद हुई थी. हत्या से शहर में दहशत और तनाव फैल गया था।

घनश्याम भठीजा की हत्या के दो महीने बाद उनकी हत्या के मुख्य गवाह उनके छोटे भाई इंदर भठीजा की 27 अप्रैल 1999 पुलिस सुरक्षा में हत्या कर दी गई. इन दोनों हत्याकांड में पप्पू कालानी के खिलाफ टाडा एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था. बाद में इंदर भठीजा हत्याकांड में कालानी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई. इस बीच साल 2017 में हुए घनश्याम भठीजा हत्याकांड के मामले में कल्याण सेशन कोर्ट के जज श्री हाथरोटे ने सबूतों के अभाव में पप्पू कालानी, बाबा गैब्रियल, डॉ. नरेंद्र सिंघानी, बच्ची पांडे समेत तीन लोगों को बरी कर दिया.

3 दिसंबर 2013 को इंदर भठीजा हत्याकांड में दोषी ठहराए जाने के बाद कालानी को नासिक जेल में रखा गया था. बाद में उद्धव ठाकरे की सरकार के दौरान कालानी को तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए नासिक जेल से रिहा कर दिया गया. अब सरकारी वकील अर्चना कटारिया ने कल्याण सेशन कोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दायर करने के लिए बॉम्बे हाई कोर्ट में आवेदन दायर किया है. कोर्ट ने उस अर्जी को मंजूर करते हुए अगली सुनवाई आज 25 जून को तय की है. पप्पू कालानी फिलहाल पैरोल पर बाहर हैं और उल्हासनगर की राजनीति में सक्रिय देखा जा रहा हैं, लेकिन अगर घनश्याम भठीजा हत्याकांड मामला फिर से हाईकोर्ट में शुरू हुआ तो कालानी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं और उन्हें वापस जेल जाना पड़ सकता है। सबसे अहम बात यह है कि आगामी अक्टूबर में विधानसभा चुनाव के संकेत भी हैं। ऐसे में क्या कालानी शहर में रहेंगे या नहीं यह देखने वाली बात होगी।



इंदर भठीजा



घनश्याम भठीजा

# वालधुनी नदी का पुल होगा शुरू




- सिटी इंजीनियर ने किया पुल का निरीक्षण
- काम पूरा होने के करीब

**उल्हासनगर.** सिटी इंजीनियर तरुण सेवकानी ने स्थानीय नागरिकों के साथ शहर पश्चिम रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले वालधुनी नदी पुल के काम का निरीक्षण किया। सेवकानी ने कहा है कि अगले कुछ दिनों में पुल नागरिकों के लिए खोल दिया जाएगा.

उल्हासनगर पश्चिम रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाला एकमात्र वालधुनी नदी पर बना पुराना पुल खतरनाक होने के कारण दो साल पहले पुनर्निर्माण के लिए मनपा ने पुल को ध्वस्त कर दिया था? इसके बाद से तकनीकी कारणों से पुल का काम रुका हुआ था। पुल से सटे पाइपलाइन का काम पूरा होते ही पुल का काम शुरू हुआ और पुल बनकर तैयार हो गया। यह एकमात्र पुल है जो रेलवे स्टेशन के पश्चिम की ओर जाएगा और पुल से वाहनों की आवाजाही सीधे स्टेशन तक हो जाएगी। मनपा के प्रभारी सिटी इंजीनियर तरूण सेवकानी ने स्थानीय कार्यकर्ताओं व पूर्व पार्षद टोनी सिरवानी के साथ पुल का निरीक्षण किया. पुल की मरम्मत के बाद इसे नागरिकों के लिए खोल दिया जाएगा.

उल्हासनगर पश्चिम रेलवे की ओर जाने वाली सड़क पर वालधुनी नदी पर बने पुल को सभी के लिए खोलने के बाद, सीएचएम कॉलेज की ओर जाने वाली संकरी सड़क पर वालधुनी नदी पर बने पुल का पुनर्निर्माण किया जाएगा। मनपा के निर्माण विभाग ने उस पुल का काम शुरू करने का संकेत दे दिया. दोनों पुलों के पूरा होने के बाद स्टेशन के बाहर भूखंड पर मनपा परिवहन बस सेवा का मुख्य स्टेशन और डिपो प्रस्तावित है। इसके लिए केंद्र से 15 करोड़ का फंड स्वीकृत हो गया है और नदी के किनारे सुरक्षा दीवार बनाई जाएगी. आयुक्त अजीज शेख ने वालधुनी नदी पर पुल के काम को तत्काल पूरा करने पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान दिया था।

## आज संकष्टी चतुर्थी टिटवाला में उमड़ेगी भक्तों की भीड़



**उल्हासनगर.** आज 25 जून को अंगारकी संकष्टी चतुर्थी है। इस मौके पर विभिन्न गणेश मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की कतार लगेगी. यदि कृष्ण चतुर्थी चंद्रोदय के समय हो तो उस दिन को संकष्टी चतुर्थी माना जाता है। जब संकष्ट चतुर्थी मंगलवार के दिन पड़ती है तो उसे 'अंगारकी संकष्ट चतुर्थी' कहा जाता है। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की टिटवाली गणेश मंदिर में भारी भीड़ उमड़ती है. इस मंदिर में अंगारक संकष्ट चतुर्थी के मौके पर टिटवाला मंदिर तैयारियां चल रही हैं. भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के इंतजाम भी किए गए हैं.

# गुटखे के लिए शातिर अपराधी पर जानलेवा हमला

- 5 आरोपी गिरफ्तार
- अन्य की तलाश



**उल्हासनगर.** शातिर अपराधी और कई बार जेल जा चुके भाई पर गुटखे के लिए जानलेवा हमला करने की घटना शनिवार रात उल्हासनगर में हुई है. उल्हासनगर कैंप 3 के खेती इलाके में रहने वाला युवक अनिल कोरी दर्जी का काम करता है और वह शातिर अपराधी है. शनिवार की रात वह छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर चाय पीने गया था. जहां आरोपी अवि ने अनिल से गुटखा मांगा। अनिल के इंकार करने पर दोनों के बीच विवाद और गालीगलौज हुआ. इसके बाद जब अनिल घर लौट रहा था, तो अवि और उसके साथी सड़क पर अनिल से मिले और उस पर चाकू, लोहे की रॉड और लकड़ी के डंडे से जानलेवा हमला कर दिया।

इस घटना की जानकारी जैसे ही सेंट्रल पुलिस को मिली तो वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर अवताडे, पुलिस निरीक्षक उमेश सावंत के मार्गदर्शन में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू की गई.

इस मामले में आरोपी अवि, उनके पिता संतोष, अर्जुन विटेकर, भोलू गुप्ता, साहिल गागट, अमोल सावंत, आयुष राय, पवन चम्मा के नाम सामने आए हैं और पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर अवताडे, उप-निरीक्षक रवींद्र के मार्गदर्शन में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है.

## सड़क पर फंसे स्वर्गरथ के पहिए, नशे में धुत्त ड्राइवर को कारण बताओ नोटिस



**उल्हासनगर.** कुछ दिन पहले उल्हासनगर महानगरपालिका की बड़ी दमकल गाड़ी खस्ता हाल सड़क में पानी के कारण पलटने से बची थी. वहीं कैंप 4 में शिवाजी चौक से आशेले गांव मैदान तक जाने वाली कंक्रीट सड़क पर काम चल रहा है, उल्हासनगर मनपा का शव वाहन स्वर्ग रथ यहां से गुजर रहा था. निर्माणाधीन कंक्रीट सड़क पर डिवाइडर लगाने के लिए सड़क के बीच में जगह रखी गई है. चालक की लापरवाही के कारण स्वर्ग रथ का पहिया उस जगह में फंस गया. इस वजह से कुछ समय के लिए यातायात जाम हो गया.

इस बीच, स्वर्ग रथ चालक के नशे में होने और नियंत्रण खोकर डिवाइडर पर गिरने की खबर मीडिया में वायरल हो गई। कमिश्नर अजीज शेख, एडिशनल कमिश्नर जमीर लेंगरेकर ने इस घटना पर संज्ञान लिया और ड्राइवर को कारण बताओ नोटिस जारी किया कर दिया गया है.

# महाराष्ट्र में फिर बनेगी महायुति की सरकार

- सांसद श्रीकांत शिंदे ने व्यक्त किया विश्वास



**उल्हासनगर.** विपक्ष ने लोगों के बीच एक फर्जी नैरेटिव फैलाया, हम उस नैरेटिव को मिटा नहीं सके. जिसके लिए लोगों ने महाविकास अघाड़ी को वोट दिया। इसलिए वे जीत गए, लेकिन यह एक अस्थायी बात है। सांसद श्रीकांत शिंदे ने एक बार फिर विपक्ष पर आरोप लगाते हुए ठाकरे समूह पर निशाना साधा कि उन्होंने लोगों को गुमराह किया और वोट हासिल किए लेकिन यह काम बार-बार नहीं किया जा सकता और उन्होंने कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि आगामी विधानसभा में महायुति की सरकार आएगी.

लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद कल्याण लोकसभा क्षेत्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से कल्याण के आचार्य अत्रे थिएटर में सांसद सुनील तटकरे और सांसद डॉक्टर श्रीकांत शिंदे के लिए सार्वजनिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया था. सुनील तटकरे किसी कारणवश इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। इस मौके पर बड़ी संख्या में एनसीपी, बीजेपी और शिवसेना के कार्यकर्ता मौजूद रहे.

अभिनंदन समारोह में बोलते हुए सांसद शिंदे ने लोकसभा चुनाव में जीत के नतीजों के साथ-साथ वोटिंग के आंकड़े भी कार्यकर्ताओं के सामने रखे. इस समय उन्होंने यह भी बताया कि हम कहां चूक गए। सांसद शिंदे ने विपक्ष की आलोचना करते हुए लोगों को गुमराह कर वोट लेने का आरोप लगाया और साथ ही ठाकरे पिता-पुत्र की भी आलोचना की.

# अंबरनाथ शिवसेना की ओर से विद्यार्थियों को कापियां वितरित

- उल्हासनगर में किणीकर ने कापियां, छतरी वितरित किया

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** शिवसेना के 58वें वर्धापन दिन के अवसर पर विधायक डॉ. बालाजी किणीकर विकास सोमेश्वर व अन्य नेताओं की ओर से अंबरनाथ और उल्हासनगर के स्कूलों में गरीब, जरूरतमंद विद्यार्थियों में कापियां और छतरी का वितरण किया जा रहा है.

किणीकर ने सोमवार को उल्हासनगर में तो विकास और राहुल सोमेश्वर ने अंबरनाथ पश्चिम के लोकल बोर्ड स्कूल नं. 1 और 13 के विद्यार्थियों में और पूर्व में शिवाजी नगर जीजामाता स्कूल सुशीला ताई दामले स्कूल और शहर पूर्व की गांवदेवी परिसर की स्कूल नं. 17 के जरूरतमंद विद्यार्थियों में कापियां वितरित कीं.

विधायक किणीकर ने उल्हासनगर छत्रपति प्राथमिक स्कूल व हनुमान मंदिर परिसर के विद्यार्थियों एवं वरिष्ठ नागरिकों में एवं जरूरतमंद महिलाओं में छतरी का वितरण किया. उनके साथ प्रमोद टाले, मीना सोंडे के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक आदि उपस्थित थे. इससे पूर्व विधायक ने खुंटवली के भोर स्कूल में भी विद्यार्थियों में स्कूली कापियां वितरित कीं. विधायक किणीकर ने बताया कि गत वर्ष भी हजारों विद्यार्थियों में कापियां वितरित की गई थीं.

# उल्हासनगर में बाढ़ की वजह बन रहे बांध

- न्यायालय के आदेश पर 3 जगह बनाए गए हैं बांध



**उल्हासनगर.** डेढ़ किलोमीटर लंबा अंबिका नाला सीधे वालधुनी नदी में गिरता है, जिससे नदी प्रदूषित हो रही है। इसे ध्यान में रखते हुए, अशुद्ध पानी को प्राकृतिक रूप से उपचारित और शुद्ध करने के उद्देश्य से अंबिका नहर पर तीन स्थानों पर बनाए गए बांध बारिश के पानी को रोकने के कारण बाढ़ को आमंत्रित कर रहे हैं। इसलिए स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता राजेश टेकचंदानी ने मांग की है कि इन बांधों को तुरंत हटाया जाना चाहिए.

उल्हासनगर 2 और 3 के बीच अंबिका नाला बारिश के पानी को ले जाने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। शहर का गंदा पानी भी इसी नाले के माध्यम से वालधुनी नदी में गिरता है। 2015 में, एक धर्मार्थ संगठन वन शक्ति द्वारा वलधुनी नदी के प्रदूषण का मामला सुप्रीम कोर्ट और ग्रीन ट्रिब्यूनल के समक्ष दायर किया गया था। इसके बाद महानगर पालिका ने शहरों में सीवेज ट्रीटमेंट सेंटर और खेमानी नाले को डायवर्ट करने का काम किया।

करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे अंबिका नाले के पानी को शुद्ध करने के लिए महानगर पालिका ने कोई व्यवस्था लागू नहीं की है।

चूंकि शहर में निकलने वाले अपशिष्ट जल के लिए उपचार केंद्र बनाने में समय लगेगा, इसलिए नीरी संस्था के माध्यम से अपशिष्ट जल की कुछ मात्रा को प्राकृतिक रूप से अस्थायी आधार पर संसाधित करने के उपाय करने का आदेश दिया गया। तदनुसार, उल्हासनगर मनपा के माध्यम से, नीरी संस्थान ने अंबिकानगर और सम्राट अशोक नगर नालों में एक प्रसंस्करण केंद्र स्थापित करने के लिए एक परियोजना रिपोर्ट तैयार की। तदनुसार निरी संस्था के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई। इस कंपनी ने अंबिका नाले पर तीन स्थानों पर ऐसे बांध बनाए।

महानगर पालिका का दावा है कि ये बांध गर्मियों और सर्दियों में पानी को रोककर उसे शुद्ध कर रहे थे। लेकिन बरसात के मौसम में जैसे ही नाले में पानी का प्रवाह बढ़ता है, ये बांध पानी के प्रवाह को रोकने का काम कर रहे हैं. इसके चलते गबारिश का पानी बालकृष्ण नगर सी ब्लॉक इलाके की झुग्गी बस्ती में घुस गया। हीरा मोनिका मैरिज हॉल में भी पानी सड़क पर आ गया।

## नाले पर जाकर बांधों का निरीक्षण

टेकचंदानी ने मनपा के अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर से मुलाकात कर उन्हें इस समस्या की गंभीरता से अवगत कराया. इसके बाद लेंगरेकर मुख्य स्वच्छता निरीक्षक विनोद केणे, जल आपूर्ति विभाग प्रमुख परमेश्वर बडगे, दीपक ढोले के साथ नाले पर गए और बांधों का निरीक्षण किया. इस संबंध में जमीर लेंगरेकर ने कहा कि जब स्थायी समिति अस्तित्व में थी तब ये काम उसकी मंजूरी से किए गए थे और सुप्रीम कोर्ट इस पर सुनवाई कर रहा है. लेंगरेकर ने कहा कि इस मामले को मनपा आयुक्त के ध्यान में लाया जाएगा और उचित निर्णय लिया जाएगा.

# कोंकण विभागीय स्नातक चुनाव कल

## मतदान के लिए पहचान पत्र मतदान केंद्र पर लेकर जाना आवश्यक

उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** कोंकण विभागीय स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव की तारीख 26 जून को आयोजित किया गया है। मतदान करने के लिए मतदाता को मतदान केंद्र पर फोटो पहचान पत्र साथ में रखना आवश्यक है या चुनाव आयोग के द्वारा निर्धारित कोई भी पहचान पत्र दिखा सकते हैं।

यह जानकारी कोकण उपायुक्त व चुनाव निर्णय अधिकारी अमोल यादव ने दी। चुनाव आयोग ने आदेश दिया है कि जो मतदाता द्विवार्षिक शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव के लिए मतदान करते समय मतदान केंद्र पर मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) प्रस्तुत करने में असमर्थ हैं, उन्हें मतदाता पहचान पत्र (EPIC) के अलावा अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट (पासपोर्ट), राज्य, केंद्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए पहचान पत्र, सांसद, विधायक, एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र, शैक्षणिक संस्थानों द्वारा जारी पहचान पत्र, शिक्षक, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में नियोजित किया जा सकता है। विश्वविद्यालय द्वारा मूल जारी डिग्री/डिप्लोमा का प्रमाण पत्र, अधिकारी द्वारा जारी शारीरिक विकलांगता प्रमाण पत्र व आईडी (यूडीआईडी) कार्ड को प्रमाण के रूप चलेगा। 26 जून सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक बड़ी संख्या में मतदान करने के चुनाव निर्णय अधिकारी अमोल यादव ने आवाहन किया है।

## उल्हासनगर में 4970 ग्रेजुएट मतदाता

उल्हासनगर-3 स्थित न्यू ईरा इंग्लिश हाई स्कूल में 7 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां 4970 ग्रेजुएट मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। वहीं अंबरनाथ के महात्मा गांधी विद्यालय में 4 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। ठाणे जिले में कुल 2 लाख 11 हजार ग्रेजुएट मतदाता हैं और 11 उम्मीदवार इस चुनाव में हैं। ठाणे जिले के उल्हासनगर, अंबरनाथ सहित ठाणे, मीरा-भाईंदर, भिवंडी पूर्व, मुरबाड, कल्याण पूर्व, डोंबिवली, कल्याण ग्रामीण, ओवला माजीवाड़ा, कोपरी, मुंब्रा-कलवा, ऐरोली, बेलापुर, भिवंडी ग्रामीण, शहापुर, भिवंडी पश्चिम, कल्याण पश्चिम व अंबरनाथ तालुका के ग्रेजुएट मतदान में कल भाग लेंगे।

उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक



जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिन सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास **संपादकीय**

## सूखते जलाशय और बढ़ती मुश्किलें

शहरी नियोजन की चपेट में आकर बहुत सारे प्राकृतिक जलाशय पहले ही अपना अस्तित्व खो चुके हैं, अब बचेखुचे संरक्षित जलाशयों पर जलवायु परिवर्तन का प्रकोप पड़ना शुरू हो चुका है। केंद्रीय जल आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक देश के डेढ़ सौ प्रमुख जलाशयों का स्तर घट कर महज इक्कीस फीसद रह गया है। भीषण गर्मी का असर सबसे अधिक दक्षिण भारत के जलाशयों पर देखा गया है, जहां बयालीस जलाशय हैं और उनमें जल की मात्रा घट कर सोलह फीसद तक रह गई है। हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और पंजाब के दस जलाशयों में उनकी कुल क्षमता का अट्ठाइस फीसद जल रह गया है।

यही हाल पूर्वोत्तर के तेईस जलाशयों का है, जिनमें उनकी कुल भंडारण क्षमता का करीब बीस फीसद पानी रह गया है। इसे लेकर जल आयोग की चिंता स्वाभाविक है। पहले ही बरसात कम होने की वजह से इन जलाशयों का पुनर्भरण संतोषजनक स्तर तक नहीं पहुंच पाया था, फिर पहाड़ों पर बर्फ कम गिरने के कारण पहाड़ी इलाकों के जलाशयों में पानी का स्तर लगातार घट रहा है।

प्राकृतिक जलाशय अनेक शहरों के लिए पेयजल उपलब्ध कराने का प्रमुख स्रोत हैं। मगर समुचित रखरखाव और उनके जलस्रोतों का संरक्षण न हो पाने की वजह से उनमें बरसात का पानी भी समुचित रूप में नहीं पहुंच पाता। जलाशयों में बरसात का पानी ऊंचे इलाकों से पहुंचता है, मगर जब वहां बस्तियां बस जाती हैं, तो उनका जलस्रोत बाधित होता है। बहुत सारे जलाशयों का जल स्तर इसलिए भी घट रहा है। दूसरी सबसे बड़ी वजह पिछले कुछ वर्षों से तापमान में लगातार वृद्धि और बरसात का असंतुलित होना भी है।

गर्मी की अवधि लंबी होने से पेयजल और दूसरे उपयोग के लिए पानी की खपत बढ़ रही है। ऐसे में जलाशयों का स्तर घटते जाने से उन पर निर्भर शहरों और बस्तियों में जलसंकट बढ़ने की आशंका गहराने लगी है। लंबे समय से सलाह दी जाती रही है कि प्राकृतिक जलाशयों के रखरखाव और उनके जलस्रोतों को अबाध बनाए रखने की योजनाएं बनानी होंगी। बरसात का पानी उन तक पहुंचता रहे और उनमें गाद वगैरह की सफाई होती रहे, तभी उनके पुनर्भरण की संभावना बनेगी।

# विदेश नीति : जी-7 में विस्तार का वक्त...

सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सेल्फी की भरमार है। वह कॉलेज जाने वाली किशोरी की तरह लग रही हैं, जो अपने हीरो के साथ सेल्फी लेकर बहुत खुश और अभिभूत हैं और उत्साह में चिल्लाती हैं-मेलोडी (मेलोनी और मोदी) टीम की ओर से हेलो! प्रधानमंत्री मोदी के कट्टर आलोचक भी यह स्वीकार करेंगे कि हमारे सत्तर वर्षीय प्रधानमंत्री ने अलग-अलग तरह के वैश्विक नेताओं के साथ गर्मजोशी, मिलनसारिता और व्यक्तिगत रिश्ते बनाने में अनूठी महारत हासिल कर ली है।

उन्हें केवल आउटरीच सेशन में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया गया था, लेकिन सामूहिक तस्वीर लेते वक्त उन्हें प्रमुखता से केंद्र में रखा गया। संक्षेप में कहें, तो उनके प्रति काफी सम्मान और शिष्टाचार दर्शाया गया। और हो भी क्यों नहीं? अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपतियों तथा ब्रिटिश एवं कनाडा के प्रधानमंत्रियों (जनमत सर्वेक्षणों में जिनकी लोकप्रियता घट गई है और अनिश्चित राजनीतिक भविष्य का सामना कर रहे हैं) की तुलना में मोदी ने भारत में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर इतिहास रच दिया है, हालांकि उनकी अपनी पार्टी लोकसभा चुनाव में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई।



इस अवसर का लाभ उठाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कई ऐसे मुद्दे उठाए, जो न सिर्फ भारत के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। एआई और ऊर्जा, अफ्रीका एवं भूमध्यसागर पर जी-7 के आउटरीच सेशन में उन्होंने कई विषयों पर प्रकाश डाला, मुख्य रूप से मानव प्रगति में प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग पर। मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं में प्रौद्योगिकी के उदय ने साइबर सुरक्षा के महत्व की भी पुष्टि की है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत अपनी विकास यात्रा के लिए किस तरह से एआई का लाभ उठा रहा है। यह जरूरी है कि एआई पारदर्शी, सुरक्षित, सुलभ और जिम्मेदार बना रहे। जहां तक ऊर्जा का सवाल है, भारत का दृष्टिकोण उपलब्धता, पहुंच, सामर्थ्य और स्वीकार्यता पर आधारित है। हम निर्धारित समय से पहले अपनी कॉप प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। भारत लाइफ (एलआईएफई) मिशन के सिद्धांतों के आधार पर हरित युग की शुरुआत करने के लिए काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने धरती को और अधिक टिकाऊ बनाने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पर भी प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि समय से पहले कॉप प्रतिबद्धताओं को पूरा करने वाला भारत पहला देश होगा और यह 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है।

सितंबर, 2023 में जी-20 की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी यूनियन को उसका पूर्ण सदस्य बनवाने के भारत के प्रयासों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ग्लोबल साउथ की भलाई के लिए बोलने और विश्व मंच पर अपनी प्राथमिकताओं और चिंताओं को व्यक्त करने की प्रतिबद्धता दोहराई। भारत-इटली के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए उन्होंने भारत-प्रशांत और भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने की आशा व्यक्त की।

पिछले दो दशक से ज्यादा समय से हम सुन रहे हैं कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद जन्मी मौजूदा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) आज दुनिया की वास्तविकताओं को नहीं दर्शाती और उसकी समस्याओं का समाधान करने में अक्षम है। यही बात जी-7 के साथ लागू होती है, जिसकी स्थापना 1975 में दुनिया के सबसे बड़े औद्योगिक लोकतंत्रों (अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान) के एक अनौपचारिक समूह के रूप में तेल संकट, वित्तीय संकट और मंदी से निपटने के लिए की गई थी। इस समूह में कनाडा 1975 में शामिल हुआ। इसका न तो मुख्यालय है, न सचिवालय और न ही चार्टर। इसकी अध्यक्षता बारी-बारी से हर साल सदस्य देशों द्वारा की जाती है। मौजूदा अध्यक्ष एजेंडा निर्धारित करता है और गैर-सदस्य देशों को उचित समझकर आमंत्रित करता है। पिछले कुछ वर्षों में मुद्रास्फीति और अन्य आर्थिक चिंताओं के अलावा जलवायु परिवर्तन, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रवासन जैसे कई मुद्दे जी-7 की चर्चाओं में प्रमुखता से शामिल रहे हैं।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

बिना-शर्त प्रेम सभी को स्वीकार करता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वालों पर शिकंजा

पिछले कुछ दिनों से राष्ट्रीय स्तर पर कुछ महत्त्वपूर्ण परीक्षाओं में धांधली, प्रश्न-पत्रों के बाहर आ जाने के मसले पर जिस तरह का रोष देखा जा रहा है, वह स्वाभाविक है। ऐसे हर विवाद के बाद सरकार का यही आश्वासन सामने आता रहा है कि वह मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। मगर वर्षों से यह समस्या बदस्तूर कायम है। अब शुक्रवार को केंद्र सरकार ने जिस कानून को लागू किया है, उसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और कदाचार पर रोक लगाना है।

दरअसल, करीब चार महीने पहले लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 को मंजूरी मिली थी और अब इसे कानून की शक्ल में लागू किया गया है। इसके प्रावधानों को बेहद सख्त माना जा रहा है और उम्मीद की जा रही है कि अब अलग-अलग स्तर की परीक्षाओं में धांधली पर लगाम लगेगी। हाल में नीट और यूजीसी-नेट की परीक्षाओं में प्रश्न-पत्रों के बाहर आ जाने और अन्य गड़बड़ियों से उपजे विवाद के बीच इस कानून को लागू करने के कदम को महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है।

गौरतलब है कि इस कानून का मुख्य उद्देश्य संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), रेलवे, बैंकिंग भर्ती परीक्षाओं और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) आदि द्वारा आयोजित परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकना है। यों परीक्षा में नकल या प्रश्न पत्रों को समय से पहले ही बाहर निकालना पहले भी गैरकानूनी रहा है, मगर इस कानून के पहले कोई धांधली किए जाने या अपराध होने की स्थिति में उससे निपटने के लिए कोई विशिष्ट कानून नहीं था।



अब अगर नकल कराने जैसी अवैध हरकत के आरोप में कोई पकड़ा जाता है, दोषसिद्धि की स्थिति में उसे न्यूनतम तीन से पांच वर्ष तक के कारावास और ऐसे संगठित अपराध में शामिल लोगों को पांच से दस वर्ष तक की जेल की सजा दी जाएगी। इसमें न्यूनतम एक करोड़ रुपए जुर्माने का भी प्रावधान है। हालांकि इस कानून के तहत प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को इसके दायरे से बाहर रखा गया है।

यह जगजाहिर हकीकत रही है कि अपराधों पर रोक लगाने के लिए कानून बनाए जाते हैं, लेकिन उनकी अहमियत कई बार दस्तावेजों में सीमित रहती है। उसे वास्तव में लागू करने को लेकर मजबूत इच्छाशक्ति नहीं दिखती है। जबकि सख्ती से अमल को सुनिश्चित किए बिना कोई भी कानून बेमानी रहेगा। सरकार और संबंधित महकमों को इस बात पर मंथन करना चाहिए कि नकल का रोग पहले भी गैरकानूनी रहा है, मगर उस पर नकेल कसने के प्रति उदासीनता के क्या कारण रहे? आखिर किन वजहों से स्कूल-कालेज स्तर की परीक्षाओं में नकल की बीमारी नौकरियों और चिकित्सा या इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षाओं तक में फैल गई?

जबकि पिछले कुछ वर्षों में संवेदनशील परीक्षाओं में आधुनिक और उन्नत तकनीकी संसाधनों का इस्तेमाल बढ़ा है, साइबर क्षेत्र में नित नए प्रयोगों के जरिए भी बहुस्तरीय निगरानी का तंत्र भी मजबूत बनाया गया है। इसके बावजूद राष्ट्रीय स्तर पर बेहद अहम मानी जाने वाली परीक्षाओं में नकल या प्रश्न-पत्रों के बाहर आने जैसी धांधली को रोकने में सरकार नाकाम रही। अब नया कानून तभी सार्थक साबित हो

# कुछ ऐसा दिखता है सबसे संकरा शहर

सो आज हम आपको एक ऐसे ही शहर के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां जाने वालों का कलेजा कांप उठेगा. हर

**जरा हट के**

पल कंपकंपी होगी. ऐसा इसलिए क्योंकि यह शहर पहाड़ों के बीचों-बीच बहने वाली एक नदी के दोनों किनारों पर बसा हुआ है. इस वजह से इसे सबसे संकरा शहर का दर्जा भी मिला है. लेकिन ये शहर भी कोई छोटा-मोटा नहीं है, बल्कि यहां 5 लाख से ज्यादा की आबादी रहती है. इस शहर का नाम यांजिन है, जो पहाड़ों के बीच बहने वाली नांक्सी नदी के दोनों मुहानों पर बसा है. यांजिन सिटी, चीन का एक प्रमुख शहर है.

सोशल मीडिया पर इस शहर का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें आप देख सकते हैं कि ये बहुत ही खूबसूरत दिख रहा है. पहाड़ों के बीच नदी बह रही है, साथ ही उस नदी के किनारों पर दोनों तरफ घर बने हुए हैं. कुछ तो बड़े-बड़े अपार्टमेंट भी हैं. चीन के युनान प्रांत में बसे इस



शहर को दुनिया का सबसे संकरा शहर माना गया है. पहली बार में इस शहर को देखने पर यकीन करना भी मुश्किल हो जाता है कि वाकई में कोई ऐसा शहर इस धरती पर मौजूद है. हालांकि, पहाड़ों से इस शहर की खूबसूरती देखना वाकई में अद्भुत है. ये किसी फिल्म या डॉक्यूमेंट्री का हिस्सा लगेगा. लेकिन आपको बता दें कि देखने में भले ही ये बेहद खूबसूरत लगे, लेकिन ऐसी परिस्थिति में रहना आसान नहीं है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि शहर का सबसे संकरा इलाका 30 मीटर, जबकि सबसे फैला हुआ इलाका 300 मीटर चौड़ा है. नदी के दोनों किनारों पर एक-एक रोड है, जिससे होकर यहां के लोग बाहर निकलते हैं. वहीं, टूरिस्ट भी इन सड़कों से होकर ही इस शहर के अंदर प्रवेश करते हैं. नदी की वजह से ये सड़कें कई किलोमीटर लंबी हैं. उनके किनारे घर बने हुए हैं, लेकिन पुलों की संख्या कम है. लेकिन पहाड़ों के बीच बसे इस शहर में जाने के दौरान ज्यादातर लोगों की हालत खराब हो सकती है. बाढ़ से बचाने के लिए नदी किनारे के बिल्डिंग्स को खंभों के सहारे बनाया गया है, ताकि बाढ़ का पानी उसके नीचे ही रहे. अब आप सोच रहे होंगे कि इतनी मुश्किलों के बीच लोग क्यों रहते हैं?

**खाना-खजाना**

# भरवा पालक इडली

आपने अबतक इडली तो खूब खाया होगा, लेकिन क्या आपने कभी भरवा पालक इडली खाई है? यह डिश बेहद टेस्टी होने के साथ-साथ सेहत से भी भरपूर है. आइये जानते हैं इसकी रेसिपी के बारे में.

**सामग्री :**

- 1 कप इडली चावल
- 1/2 कप उड़द दाल
- 1/2 छोटा चम्मच मेथी दाना
- नमक स्वाद अनुसार
- 1/2 कप पालक, कटा हुआ
- 1/2 कप पनीर, कसा हुआ
- 1/2 प्याज
- 1 छोटी हरी मिर्च, बारीक कटी हुई
- 1/2 छोटा चम्मच अदरक, कसा हुआ
- तेल आवश्यकता अनुसार

**विधि :**

इडली के लिए बैटर तैयार करके शुरुआत करें. इसके लिए उड़द दाल और इडली चावल को धोकर अलग-अलग मेथी दाने वाले पानी में भिगो दें. इसे एक या दो घंटे के लिए अलग रख दें.



एक बार हो जाने के बाद, उन्हें अलग-अलग पीसकर एक चिकना घोल बना लें. उन्हें एक साथ मिलाएं, नमक डालें, अच्छी तरह मिलाएं और इसे कुछ घंटों के लिए छोड़ दें.

अब एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें जीरा डालें और उसे फूटने दें. इसमें प्याज डालें और पालक, पनीर, अदरक, मिर्च और नमक डालने से पहले अच्छी तरह भून लें. कुछ मिनट तक पकाएं और फिर आंच बंद कर दें.

इडली के सांचे को तेल से चिकना कर लें और उसमें इडली का घोल डालें. इसके बाद इसके ऊपर पालक बैटर रखें. ध्यान रखें कि यह बहुत ज्यादा न हो.

इडली को लगभग 10-15 मिनट तक भाप में पकाएं, फिर गरमागरम परोसें और आनंद लें!

# बरसात के दिन आए... बीमारियां करेंगी डबल अटैक

## अभी से हो जाएं अलर्ट




कई राज्यों में भयंकर गर्मी के बाद मानसून ने दस्तक दे दी है. बारिश की बूंदों ने महीनों से गर्मी झेल रहे लोगों को थोड़ी राहत पहुंचाई है. आने वाले कुछ सप्ताह में अच्छी बारिश की संभावना जताई जा रही है. बरसात का मौसम गर्मी से राहत दिलाता है और लोग इस दौरान खूब एंजॉय करते हुए नजर आते हैं. हालांकि बरसात के दिन सेहत के लिए भी कई परेशानियां लेकर आते हैं, जिनका खयाल रखना बेहद जरूरी होता है. इस मौसम में कई तरह के इंफेक्शन, फ्लू और मच्छरों से होने वाली बीमारियां फैलने लगती हैं. इनसे बचने के लिए अभी से सावधानी बरतनी होगी.

नई दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल के प्रिवेंटिव हेल्थ एंड वेलनेस डिपार्टमेंट की डायरेक्टर डॉ. सोनिया रावत ने बताया कि बारिश के मौसम में खाने-पीने और मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों का सबसे ज्यादा प्रकोप रहता है. बरसात की वजह से जगह-जगह पानी भर जाता है और इसकी वजह से मच्छर पैदा होने लगते हैं. इस मौसम में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, टायफाइड, डायरिया, इंफ्लुएंजा, अस्थमा समेत कई बीमारियों के मामले बढ़ सकते हैं. इन सभी बीमारियों से बचने के लिए लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, वरना सेहत के लिए गंभीर संकट पैदा हो सकता है.

डॉक्टर सोनिया रावत ने बताया कि मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचने के लिए लोगों को मच्छरदानी इस्तेमाल करनी चाहिए और शरीर पर एंटी-मॉस्किटो क्रीम लगा सकते हैं. इसके अलावा घर में या इसके आसपास बारिश का पानी जमा न होने दें. इंफ्लुएंजा से बचने के लिए लोग फ्लू वैक्सीन लगवा सकते हैं. इससे काफी हद तक फ्लू से बचाव हो सकेगा. टायफाइड की बीमारी गंदा पानी पीने की वजह से होती है. ऐसे में बारिश में टायफाइड से बचने के लिए साफ पानी पिएं और हो सके तो पानी उबालकर ही पिएं. इससे काफी हद तक टाइफाइड से बचाव किया जा सकेगा.

बात खाने की करें, तो बारिश के मौसम में बाहर का खाना खाने से बचें. इस खाने की वजह से आपके पेट में इंफेक्शन, डायरिया और अन्य पेट की बीमारियां होने का खतरा बढ़ सकता है. दरअसल बारिश में कीचड़ की वजह से जंक फू में कंटामिनेशन का खतरा बढ़ जाता है. इसलिए घर का बना ताजा खाना खाएं और स्ट्रीट फूड पूरी तरह अवॉइड करने की कोशिश करें. इसके अलावा बरसात में मूड स्विंग की समस्या हो सकती है और अस्थमा की परेशानी ट्रिगर हो सकती है. इससे बचने के लिए समय पर दवा लें और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से सलाह लेते रहें.

हेल्थ एक्सपर्ट की मानें बरसात में क्रोनिक डिजीज ट्रिगर होने का खतरा बढ़ जाता है. डायबिटीज, हार्ट डिजीज, कैंसर, टीबी और अन्य गंभीर बीमारियों के मरीजों को बरसात में ज्यादा सावधान रहना चाहिए, क्योंकि ऐसे लोगों को किसी तरह का इंफेक्शन हो जाए, तो जानलेवा साबित हो सकता है. इसलिए सीवियर डिजीज से जूझ रहे मरीजों के लिए बारिश ज्यादा चैलेंजिंग होती है. बच्चों और बुजुर्गों का इस मौसम में ज्यादा खयाल रखना चाहिए ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े.

## आज का राशिफल

**मेष :** मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय बढ़ेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।बुरे लोगों से दूर रहें।

**वृषभ :** दूर से सुखद सूचना मिल सकती है। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। बुद्धि का प्रयोग करें। लाभ बढ़ेगा।

**मिथुन :** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। नए मित्र बनेंगे। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बन सकती है।

**कर्क :** पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय भावना में बहकर न करें। बुद्धि का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा।

**सिंह :** परिवार तथा मित्रों के साथ कोई मनोरंजक यात्रा का आयोजन हो सकता है। रुका हुआ पैसा मिलने का योग है। मित्रों के सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। नया कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रशंसा प्राप्त होगी। समय अनुकूल है।

**कन्या :** कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। योजना फलीभूत होगी। कारोबार में वृद्धि पर विचार हो सकता है। नौकरी में अधिकारीगण प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में मनोनुकूल लाभ होगा। उत्साह व प्रसन्नता रहेगी।

**तुला :** किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की आयोजना हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन सहायता प्राप्त होगी। धन प्राप्ति में बाधाएं दूर होंगी।

**वृश्चिक :** चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। लापरवाही न करें। किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है। मानसिक क्लेश होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में कमी हो सकती है।

**धनु :** जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है। विरोध होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। बाहर जाने की योजना बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग कार्य में आसानी देगा। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। नौकरी में चैन रहेगा।

**मकर :** भूमि, भवन, दुकान, शोरूम व फैक्टरी इत्यादि की खरीद-फरोख्त हो सकती है। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। कुसंगति से बचें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**कुंभ :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। कोई मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी।

**मीन :** दूसरे से अधिक अपेक्षा करेंगे। जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। बनते कामों में देरी होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# तुलसी के पत्तों में छिपा है सेहत का राज

## कई बीमारियों का करते हैं खात्मा



तुलसी का पौधा घर में लगाना शुभ माना जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि तुलसी औषधीय गुणों का खजाना होती है? जी हां, तुलसी को धार्मिक लिहाज से ही महत्वपूर्ण नहीं, बल्कि कई मायनों में बेहद असरदार पौधा माना जाता है. तुलसी के पत्तों का सेवन करने से शरीर की कई परेशानियां दूर हो सकती हैं और सेहत में चार चांद लग सकते हैं. रोजाना तुलसी के 5-10 पत्ते चबाने से आपका स्वास्थ्य बेहतर हो सकता है. कई मॉडर्न रिसर्च में तुलसी के बेहतरीन फायदे सामने आ चुके हैं, जिन्हें जानने के बाद आप भी अपने घर में तुलसी का पौधा जरूर लगा लेंगे.

यूएस के नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इन्फॉर्मेशन (NCBI) की रिपोर्ट के अनुसार तुलसी में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल, एंटी-फंगल, एंटी-प्रोटोजॉल, एंटी-मलेरियल गुणों का पावरफुल कॉम्बिनेशन होता है. इसमें कई ऐसे तत्व भी होते हैं, जो आपके दिल और दिमाग को दुरुस्त कर सकते हैं. तुलसी में पाए जाने वाले कंपाउंड शरीर और दिमाग को कई बीमारियों से बचाने में मदद कर सकते हैं. ब्रेन के लिए तुलसी को बेहद फायदेमंद माना जाता है, क्योंकि इसके कुछ तत्व नर्वस सिस्टम की फंक्शनिंग को इंप्रूव कर सकते हैं. कई रिसर्च में सामने आया है कि तुलसी में अनगिनत औषधीय गुण होते हैं.

## तुलसी के पत्तों के गजब के फायदे

- तुलसी के पत्तों में कई शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो हमारी इम्यूनिटी को बेहतर बनाने में मदद करते हैं. तुलसी के पत्तों को बेहतरीन इम्यूनिटी बूस्टर माना जा सकता है. ये पत्ते कई बीमारियों से बचाने में रामबाण साबित हो सकते हैं.
- इन औषधीय पत्तों में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो बुखार से बचाते हैं. रोजाना तुलसी के पत्ते खाने से शरीर के टॉक्सिन बाहर निकल जाते हैं और चेहरे पर चमक आ जाती है. तुलसी के पत्ते डाइजेशन को बूस्ट करने में मददगार साबित हो सकते हैं.
- कई रिसर्च में पता चला है कि खाली पेट तुलसी के पत्तों का नियमित सेवन करने से अस्थमा और ब्रोंकाइटिस जैसी सांस संबंधी बीमारियों से राहत मिल सकती है. तुलसी के पत्तों में रोगाणुरोधी गुण होते हैं जो सर्दी-खांसी से बचाने में मदद करते हैं.
- तुलसी के पत्तों को डायबिटीज कंट्रोल करने में भी असरदार माना जाता है. तुलसी के पत्तों में कई तत्व होते हैं, जो इंसुलिन सेंसिटिविटी को इंप्रूव करते हैं. अगर आपको डायबिटीज नहीं है, तो इससे शुगर की बीमारी का खतरा कम हो सकता है.
- तुलसी आपके मानसिक संतुलन को बढ़ावा दे सकता है. तुलसी के पत्तों का सेवन करने से मूड बेहतर होता है और तंत्रिका तंत्र की कार्यप्रणाली में सुधार आ सकता है. हार्ट हेल्थ के लिए भी तुलसी को फायदेमंद माना जा सकता है.

# बेसिन में नहीं पास होता पानी?

- अप्लाई करें ये ट्रिक
- दिक्कत होगी दूर

किचन की सफाई रखना बेहद जरूरी है, क्योंकि यहां पर आप अपने परिवार वालों के लिए खाना बनाते हैं. सिंक को साफ करना बेहद जरूरी होता है क्योंकि यहां आप बर्तन को रखते हैं और उसे वहीं धोते हैं. रोजाना पाइप से गंदगी पास होने की वजह से यह धीरे-धीरे जाम होने लगता है और एक समय ऐसा आता है जब सिंक में पानी आसानी से पास नहीं होता



### किचन सिंक को कॉफी से साफ करें

ब्लॉक किचन सिंक को साफ करने के लिए कॉफी सबसे अच्छा विकल्प है. इसके लिए आपको कॉफी पाउडर के अलावा लिक्विड साबुन और गर्म पानी की भी जरूरत पड़ेगी. अगर किचन सिंक में पानी भरा है तो सबसे पहले उसमें कॉफी पाउडर और लिक्विड सोप डालें. इसके बाद इसमें गर्म पानी डालें. ऐसा करने से सिंक में मौजूद गंदगी साफ हो जाएगी. साथ ही सिंक से आने वाली दुर्गंध भी दूर हो जाएगी.

### आप सिंक को सिरके से भी साफ कर सकते हैं

किचन सिंक से गंदगी हटाने के लिए आप सिरके और बेकिंग सोडा का भी इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए सबसे पहले किचन सिंक में बेकिंग सोडा डालें और उसमें सिरका मिलाएं. इससे सिंक से गंदगी आसानी से निकल जाएगी. अगर आपके पास सिरका नहीं है तो आप इसकी जगह नींबू का रस भी मिला सकते हैं.

### किचन सिंक को लेकर इस बात का रखें ध्यान

आपको किचन सिंक को हफ्ते या 10 दिन में एक बार साफ करते रहना चाहिए. इससे सिंक हमेशा चमकता रहेगा. हालांकि, सिंक जाम से बचने के लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए. सिंक में गंदे बर्तन डालते समय खाने का दाना न छोड़ें. सिंक ड्रेन के ऊपर एक जालीदार कवर भी लगाएं. ताकि गंदगी ड्रेनेज पाइप में न घुसे.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### प्रयागराज में भीषण सड़क हादसा, डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार पांच लोगों की मौत

**प्रयागराज.** प्रयागराज में भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। दरअसल गंगानगर के सराय ममरेज थानाक्षेत्र में सोमवार को सोरांव पेट्रोल पंप के पास डंपर ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक पर बैठे 2 मासूम समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। जौनपुर के मीरगंज थाना क्षेत्र के चौकी खुर्द के रहने वाले विकास (25), सुम्मारी (60), जनता (34), दिवाना (7) और लक्ष्मी (8 माह) एक शादी में गए हुए थे। जहां से वह सोमवार को वापस लौट रहे थे। इस बीच जब वह सोरो पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे एक टैंकर की चपेट में आ गए।

### भाई को जान से मार दूंगा कहकर लड़की से रेप, अश्लील वीडियो बनाकर पिता को भेजा

**जौनपुर.** जौनपुर के केराकत कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की भाई को जान से मारने की धमकी देते हुए युवक ने युवती के साथ दुराचार किया। इस दौरान युवती की न्यूड फोटो और वीडियो बना लिया। युवती के मना करने पर भी युवक ने उसके परिजनों के मोबाइल पर सारी फोटो और वीडियो भेज दिया। जानकारी होने पर परिजनों संग पीड़ित युवती एसपी से मिली और मामले में शिकायत दर्ज करवाई है। उसके गांव के ही एक युवक ने कुछ दिन पहले उसके छोटे भाई को जान से मारने की धमकी दी। कहा कि मेरी बात मान जाओ वरना भाई की हत्या कर देगा। धमकी देते हुए उसने दुराचार किया। उसी समय उसने न्यूड फोटो और वीडियो बना लिया। उसके बाद से बार-बार वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर दुष्कर्म करता रहा।

### मर्डर करने के बाद युवक ने चली शातिर चाल, खुद का बनवाया डेथ सर्टिफिकेट

यूपी के शातिर बदमाश ने पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए किसी दूसरे की हत्या कर खुद को मुर्दा दिखा दिया। पोस्टमार्टम हाउस में तैनात स्वच्छक से मृतक की जेब में दस्तावेज रखवाकर और पंचायतनामा भरने वालों से शिनाख्त कराकर पोस्टमार्टम के बाद सितारगंज से अपना मृत्यु प्रमाणपत्र भी बनवा लिया। इसके बाद नाम बदलकर यूपी में रहने लगा। वर्ष 2015 के इस मामले का खुलासा 2022 में शाहजहांपुर यूपी की पुलिस ने किया था। तब से उत्तराखंड एसटीएफ भी मामले की जांच कर रही थी। अब एसटीएफ की जांच रिपोर्ट पर सितारगंज कोतवाली पुलिस ने भी हत्या व साक्ष्य छिपाने की धाराओं में छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### घर में सो रहीं 2 बहनों की रहस्यमयी मौत

**गोरखपुर.** गोरखपुर के बांसगांव थाना क्षेत्र के बैदौली बाबू गांव में रविवार को दो बहनों की मौत से सनसनी फैल गई। पांच वर्षीय छोटी बहन को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस को मौके से एक लोटे में जहरीले पदार्थ की पुड़िया मिली है। आशंका है कि जहर से दोनों की मौत हुई है। पुलिस जांच में जुट गई है। बैदौली बाबू गांव निवासी रोहित जायसवाल बेंगलुरु में रहकर काम करता है। कुछ दिन पहले उसकी पत्नी लक्ष्मीना भी दस वर्षीय बेटे ऋषिराज के साथ बेंगलुरु चली गई थी। तीनों बेटियां पलक (14), प्रीति (12) और अप्सरा (5) मौसी के घर चली गई थीं। दो दिन पहले तीनों बच्चियां गांव आई थीं।

---

### संसद सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इमरजेंसी का जिक्र किया : बोले-

# '50 साल पहले संविधान को नकार दिया गया'

- **संसद ड्रामे और स्लोगन से नहीं चलेगी**



**नई दिल्ली.** संसद सत्र शुरू होने से आधे घंटे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इमरजेंसी का जिक्र किया। दरअसल, कल यानी 25 जून को देश में आपातकाल के 50 साल पूरे हो रहे हैं। PM ने कहा- 25 जून न भूलने वाला दिन है। इसी दिन संविधान को पूरी तरह नकार दिया गया था। भारत को जेलखाना बना दिया गया था। लोकतंत्र को पूरी तरह दबोच दिया गया था।

उन्होंने कहा कि भारत के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए देशवासी संकल्प लेंगे कि भारत में फिर कभी कोई ऐसी हिम्मत नहीं करेगा, जो 50 साल पहले की गई थी। प्रधानमंत्री ने 14 मिनट 28 सेकेंड के भाषण में इमरजेंसी के अलावा, नए संसद भवन, नए सांसदों, जिम्मेदार विपक्ष, तीसरे कार्यकाल, विकसित भारत पर अपनी बात रखी।

मोदी ने आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा- कल 25 जून हैं। जो लोग इस देश के संविधान की गरिमा को समर्पित हैं, जो लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं पर निष्ठा रखते हैं, उनके लिए 25 जून न भूलने वाला दिवस है। भारत की नई पीढ़ी ये कभी नहीं भूलेगी की संविधान को पूरी तरह नकार दिया गया था, भारत को जेलखाना बना दिया गया था, लोकतंत्र को पूरी तरह दबोच दिया गया था।

पीएम मोदी ने कहा कि देश की जनता विपक्ष से अच्छे काम की उम्मीद करती है। हमें भरोसा है कि वे लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखेंगे और जनता के मुद्दे को उठाएंगे। इस दौरान उन्होंने 25 जून, 1975 को आपातकाल लगाए जाने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कल 25 जून है। पीएम मोदी बोले, 'भारत के संविधान और लोकतंत्र में निष्ठा रखने वाले लोगों के लिए 25 जून न भूलने वाला दिवस है। इसी दिन भारत के लोकतंत्र को काला धब्बा लगा था और उसके 50 साल हो रहे हैं। भारत की नई पीढ़ी नहीं भूलेगी कि भारत के संविधान को पूरी तरह नकार दिया गया था। लोकतंत्र को पूरी तरह दबोचा गया था और देश को ही जेल बना दिया गया था। इमरजेंसी के 50 साल इस संकल्प के हैं कि फिर कोई ऐसी हिम्मत न कर सके, जो 50 साल पहले की गई थी।'

पीएम मोदी ने कहा कि हम मानते हैं कि सरकार चलाने के लिए बहुमत होता है, लेकिन देश चलाने के लिए सहमति जरूरी है। हमारा प्रयास रहेगा कि सभी को साथ लेकर मां भारती की सेवा करें। हम सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। संविधान की मर्यादाओं का पालन करते हुए निर्णयों को गति देना चाहते हैं। 18वीं लोकसभा में युवा सांसदों की संख्या अच्छी है। हम जब 18 की बात करते हैं तो भारत की परंपराओं को जो जानते हैं, उनको पता है कि हमारे यहां 18 अंक का बहुत सात्विक मूल्य है। गीता के 18 अध्याय हैं। कर्म, कर्तव्य और करुणा का संदेश हमें वहां से मिलता है। पुराणों की संख्या भी 18 है। उन्होंने कहा कि 18 का मूलांक 9 है और यह पूर्णता का प्रतीक है।

### रस्सी जल गई, पर बल नहीं गया



पीएम नरेंद्र मोदी ने सदन में जाते हुए मीडिया से बातचीत में 1975 में पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की ओर से लगाए गए आपातकाल का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि 50 साल पहले देश के लोकतंत्र पर कलंक लगा था, जिसे हमें मिटाना है। इसके अलावा संकल्प लेना है कि अब कभी भी देश के साथ वैसी हरकत नहीं हो सकेगी। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उन्हें जवाब दिया है। खरगे ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने 50 साल पहले के आपातकाल का जिक्र किया, लेकिन पिछले 10 वर्षों के उस 'अघोषित आपातकाल' को भूल गए जिसका जनता ने इस लोकसभा चुनाव में अंत कर दिया है।' खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी जी अपने रस्मी संबोधन में आज ज़रूरत से ज़्यादा बोले। इसे कहते हैं, रस्सी जल गई, बल नहीं गया।'

---

# प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति पर विपक्ष का प्रदर्शन

- **सोनिया समेत विपक्षी सांसदों ने संविधान की कॉपी लहराई,**
- **खड़गे बोले- PM संविधान तोड़ रहे**



**नई दिल्ली.** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज (24 जून) से शुरू हुआ। विपक्षी सांसदों ने भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर बनाए जाने पर विरोध-प्रदर्शन किया। सांसदों ने संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने संविधान की कॉपी लहराई और संविधान बचाओ के नारे लगाए।

विपक्षी सांसदों ने कहा कि सरकार ने नियमों के खिलाफ जाकर प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। नियम के मुताबिक, कांग्रेस के के.सुरेश को प्रोटेम स्पीकर बनाया जाना था, क्योंकि वे 8 बार के सांसद हैं। महताब तो 7 बार के ही सांसद हैं। प्रदर्शन में सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी भी शामिल हुए। राहुल गांधी ने प्रोटेस्ट के बाद कहा- प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह, जो आक्रमण संविधान पर कर रहे हैं, वो हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है। हम ये आक्रमण नहीं होने देंगे। हिंदुस्तान के संविधान को कोई शक्ति नहीं छू सकती।

**खड़गे ने कहा- PM ने संविधान को तोड़ने की कोशिश की है। संविधान को बचाने के लिए जनता हमारा साथ दे रही है। देश में फिलहाल हर लोकतांत्रिक नियम को तोड़ा जा रहा है। आज हम गांधी जी की प्रतिमा के सामने इकट्ठे हुए हैं। हम मोदी जी को बता रहे हैं कि आप संविधान के तहत चलिए।**

---

### चीन की धमकी से डरा पाकिस्तान

# शाहबाज शरीफ चलाएंगे बड़ा सैन्य अभियान





**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने आज़म-ए-इस्तेहकाम (स्थिरता के लिए प्रतिबद्धता) नाम के एक सैन्य अभियान शुरू करने का फैसला किया है।

इस अभियान का उद्देश्य देश में देश में बढ़ रहे चरमपंथ और आतंकवाद को खत्म करना है। पाकिस्तान ने यह फैसला चीन से मिली धमकी के बाद लिया है। चीन ने पाकिस्तान के सामने, चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) में सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी। यह अभियान पीओके के साथ बाल्टिस्तान और पाकिस्तान के लगभग सभी राज्यों में चलाया जायेगा। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी सहित अन्य विपक्षी पार्टियों ने सैन्य अभियान का विरोध किया है। उन्होंने कहो है कि इसके लिए संसद से कोई सलाह मशवरा नहीं किया गया था।

गौरतलब है कि आतंकवादियों ने पाकिस्तान में चीनी हितों को लगातार निशाना बना रहा है। खासकर सीपीईसी सहित उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र को आतंकवादियों ने निशाना बनाया है। मार्च में दो हमलों ने चीन को और भी नागावार गुजरा है। इन हमलों में बलूच लिबरेशन आर्मी द्वारा ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स में घुसपैठ का प्रयास और खैबर पख्तूनख्वा के शांगला जिले में चीनी इंजीनियरों के काफिले को निशाना बनाकर किया गया आत्मघाती बम विस्फोट शामिल हैं। इसमें कई लोगों की जान चली गई जिससे चीन भड़क गया है।

---

# अयोध्या वाले सांसद को अखिलेश यादव ने रखा सबसे आगे

- **संसद में हाथ पकड़कर लाए**



**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव के बाद संसद के पहले सत्र का सोमवार को पहला दिन था। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी, होम मिनिस्टर अमित शाह समेत सभी सांसदों ने सदस्यता की शपथ ली। यही नहीं 18वीं लोकसभा का यह पहला दिन मिलने-मिलाने और एक दूसरे से परिचय का भी था। इस दौरान अखिलेश यादव अपने सांसदों के साथ अलग ही अंदाज में नजर आए। समाजवादी पार्टी के सभी 37 सांसदों ने संविधान की एक प्रति ले रखी थी। अखिलेश यादव ने कहा कि हम संविधान लेकर इसलिए चल रहे हैं ताकि संदेश दिया जा सके कि संविधान को आंच नहीं आ सकती, जिसकी कोशिश में सत्तापक्ष जुटा है। ऐसी ही बात कांग्रेस के सीनियर नेता राहुल गांधी ने भी कही।

यही नहीं अखिलेश यादव इस दौरान अयोध्या वाली सीट कहे जाने वाले फैजाबाद से जीतकर आए अवधेश प्रसाद के साथ दिखे। संसद में एंट्री करने के दौरान उनके साथ पत्नी डिंपल यादव, चाचा रामगोपाल यादव समेत सभी सांसद थे। लेकिन अखिलेश यादव थोड़ा पीछे गए और फिर हाथ पकड़कर अवधेश प्रसाद को आगे लेकर आए। फिर उनका मीडिया से भी परिचय कराया। यही नहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी से मुलाकात के दौरान भी अवधेश प्रसाद को उन्होंने आगे ही रखा।

---

## वैष्णों देवी जा रही बस को ट्रक ने मारी टक्कर, 7 लोगों की मौत

**बुलंदशहर.** वैष्णों देवी जा रही, मिनी बस को एक ट्रक ने दिल्ली-जम्मू हाईवे पर भीषण टक्कर मार दी। इस घटना में मिनी बस में सवार 7 लोगों की मौत हो गई है और लगभग 25 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल है। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से लगभग 25 से 26 श्रद्धालु माता वैष्णों देवी के दर्शन के लिए कटरा जा रहे थे। ये सभी लोग एक मिनी बस से यात्रा कर रहे थे। लेकिन अंबाला दिल्ली जम्मू हाईवे के पास बस की टक्कर एक ट्रक से हो गई। इस दुर्घटना में एक ही परिवार के सात सदस्यों ने अपनी जान गवा दी, जिसमें एक बच्चा भी शामिल है। घायल यात्रियों को पास के आदेश हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया और कुछ घायलों को सिविल अस्पताल अंबाला कैंट में ले जाया गया। एक घायल यात्री ने बताया कि ट्रक ड्राइवर ने शराब पी हुई थी और टक्कर के बाद वह ट्रक को दुर्घटना स्थल पर छोड़ कर भाग गया।

---

# पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया को आसान बनायेगा विदेश मंत्रालय

- **पुलिस वेरिफिकेशन में लगेगा कम समय**

**नई दिल्ली.** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि पासपोर्ट वितरण की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के कार्य चल रहा है। इन प्रयासों के तहत विदेश मंत्रालय पासपोर्ट आवेदकों के पुलिस सत्यापन में लगने वाले समय को कम करने के लिए पुलिस के साथ काम कर रहा है। पासपोर्ट सेवा दिवस के मौके पर एक संदेश में जयशंकर ने कहा कि विदेश मंत्रालय यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि पासपोर्ट अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश को सुविधाजनक बनाकर और वैश्विक गतिशीलता को बढ़ावा दे। लोगों को बेहतर पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए मंत्रालय ने 440 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र शुरू किए हैं। देशभर में पहले से 93 पासपोर्ट सेवा केंद्र, 533 पासपोर्ट प्रोसेसिंग सेंटर और 37 क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय मौजूद हैं। मंत्रालय ने विदेशों में 187 भारतीय मिशन में भी पासपोर्ट जारी करने की प्रणाली शुरू की है। अपने बयान में जयशंकर ने कहा, ₹पासपोर्ट वितरण पारिस्थितिकी तंत्र को और बेहतर बनाने के लिए मंत्रालय पुलिस सत्यापन में लगने वाले समय को कम करने के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस के साथ लगातार काम कर रहा है।₹ उन्होंने कहा कि पुलिस सत्यापन प्रक्रिया को सरल बनाने वाले ₹एमपासपोर्ट पुलिस ऐप₹ को 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 9,000 पुलिस स्टेशनों में शुरू किया गया है।

---

## एलांते मॉल में टॉय ट्रेन पलटी, बच्चे की मौत

**चंडीगढ़.** चंडीगढ़ के एलांते मॉल में टॉय ट्रेन पलटने से उसमे बैठा 11 साल का बच्चा नीचे गिर गया। जिसके बाद बच्चे को सेक्टर-32 के सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया गया। यहां इलाज के दौरान रविवार सुबह 4 बजे उसकी मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान नवांशहर निवासी शहबाज (11) के रूप में हुई। पुलिस ने टॉय ट्रेन को जब्त कर लिया है।

घटना का CCTV वीडियो सामने आया है। जिसमें दिखाई दे रहा है कि बच्चा खिड़की से बाहर निकला हुआ था। जैसे ही ट्रेन मुड़ने लगी तो पिछला डिब्बा पलट गया।

---

### बेल को बेताब अरविंद केजरीवाल से सुप्रीम कोर्ट ने कहा-

# इंतजार करिए; HC पर भी बड़ी टिप्पणी




**नई दिल्ली.** तुरंत जमानत की आस लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उम्मीदों को झटका लगा है। सर्वोच्च अदालत ने आम आदमी पार्टी के मुखिया को हाई कोर्ट के फैसले का इंतजार करने को कहा है, जो कल तक सुनाया जा सकता है। इसके साथ ही सुनवाई को 26 जून तक टाल दिया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली उच्च न्यायालय पर एक बड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि आमतौर पर इस तरह के फैसले सुरक्षित नहीं रखे जाते हैं। कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल ने ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत पर हाई कोर्ट की अंतरिम रोक को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन बेंच ने केजरीवाल की याचिका पर संक्षिप्त सुनवाई की। अरविंद केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने ट्रायल कोर्ट फैसले पर सवाल उठाते हुए इसे अभूतपूर्व करार दिया। सिंघवी ने कहा कि कोर्ट ने पहले स्टे दे दिया और फिर बाद में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आदेश एक दो दिन में आ जाएगा। इस पर सिंघवी ने सवाल उठाया कि क्या बेल को सूचीबद्ध करते समय ही स्टे किया जा सकता है। ईडी की तरफ से पेश हुए एएसजी एसवी राजू ने भी कहा कि फैसला कल तक आ जाएगा।

दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने कहा, 'स्टे आवेदन पर आदेश सुरक्षित रखा गया और तब तक निचली अदालत के जमानत के आदेश पर रोक लगाई गई। पक्षों को 24 जून तक अपनी बात रखने का मौका दिया गया है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल यह कहकर स्थगन मांग रहे हैं कि फैसला जल्दी सुनाया जाएगा। हम मानते हैं कि इसे परसो के लिए सूचीबद्ध करना उचित होगा और यदि इस बीच हाई कोर्ट आदेश पारित करता है तो इसे रिकॉर्ड में लाया जाए।'

---

# बजरंग पूनिया दो महीने में दूसरी बार सस्पेंड




नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (NADA) ने पहलवान बजरंग पूनिया को सस्पेंड कर दिया है और साथ ही नोटिस भी भेजा है। बजरंग पूनिया ने मार्च में सोनीपत में हुए नेशनल ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना सैंपल नहीं दिया था, जिसके बाद NADA ने यह एक्शन लिया है। नोटिस के खिलाफ जवाब देने के लिए बजरंग पूनिया के पास 11 जुलाई तक का समय है।

इससे पहले, 5 मई को भी NADA ने उन्हें सस्पेंड कर दिया था। जब पिछली बार NADA ने बजरंग को निलंबित किया था, तो उनका निलंबन तीन हफ्ते बाद एंटी डोपिंग डिसिप्लिनरी पैनल ने रद्द कर दिया था, क्योंकि उन्हें नोटिस जारी नहीं किया गया था। अब NADA ने निलंबन के साथ-साथ बजरंग पूनिया को नोटिस भी जारी किया है।

10 मार्च को ओलिंपिक गेम्स में हिस्सा लेने के लिए हुए एशियन क्वालिफायर्स के नेशनल ट्रायल्स के दौरान NADA ने बजरंग से सैंपल देने के लिए कहा था। लेकिन, बजरंग ने सैंपल देने से इनकार कर दिया।

#### बृजभूषण पर यौन शोषण के आरोप लगाए थे

पहलवानों ने WFI के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण पर महिला रेसलर्स के यौन शोषण के आरोप लगाए थे। इसको लेकर बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक की अगुआई में आंदोलन हुआ। पहलवानों ने पहले जंतर-मंतर पर धरना दिया। इसके बाद उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिए और दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण पर केस दर्ज किया।

इस मामले की कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इसी दौरान WFI के चुनाव हुए तो बृजभूषण के करीबी संजय सिंह चुनाव जीत गए। जिसके बाद बजरंग के अलावा विनेश फोगाट ने भी अपने अवॉर्ड लौटा दिए।

---

# पुंछ-राजौरी सेक्टर में 35 से 40 पाकिस्तानी आतंकवादी सक्रिय



- **आर्मी बोली- सीमा पार से आए आतंकियों के पास चीनी उपकरण**

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर के पुंछ-राजौरी में 35 से 40 विदेशी आतंकवादी एक्टिव हैं। न्यूज एजेंसी ANI ने यह खुफिया जानकारी सूत्रों के हवाले से दी है। ANI के मुताबिक, ये आतंकी दोबारा से घाटी में आतकंवाद को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, इन्हें रोकने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं ।

हालांकि, एक प्रोग्राम के दौरान उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अपनी अंतिम सांसें ले रहा है। इसी वजह से पड़ोसी देश हताश है। हालिया आतंकी घटनाएं दुश्मन की हताशा का संकेत हैं।

उधर, जम्मू-कश्मीर में तैनात सुरक्षाबलों ने बताया है कि आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में चीनी टेलिकॉम उपकरण 'अल्ट्रा सेट' बरामद हुआ है। इस एनक्रिप्टिड उपकरण का इस्तेमाल पाकिस्तानी सेना कर रही थी। अब यह उपकरण आतंकियों के हाथ लग गया है।

इसके चलते सीमा पार से चोरी-छिपे हो रही घुसपैठ और शहरों और गांवों के बाहरी इलाकों में छिपे आतंकियों को लेकर सुरक्षाबलों में चिंता बढ़ गई है। अधिकारियों का कहना है कि आतंकियों के पास से ऐसा मोबाइल हैंडसेट मिलना इस बात की सबूत है कि आतंकियों को ट्रेनिंग, हथियार और गोला-बारूद मुहैया कराने का काम पाकिस्तानी सेना कर रही है।

यह स्पेशलाइज्ड हैंडसेट खासतौर से पाकिस्तानी सेना के लिए चीनी कंपनियों ने बनाया था। इन हैंडसेट्स को बीते साल 17-18 जुलाई की रात जम्मू के पूंछ जिले के सुरनकोटे में सिंदराह टॉप इलाके और इस साल 26 अप्रैल को बारामूला के सोपोर में चेक मोहल्ला नॉपोरा इलाके में हुए एनकाउंटर के बाद बरामद किए गए।

#### उरी में सर्च ऑपरेशन जारी

जम्मू-कश्मीर के बारामूला के उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को सुरक्षाबलों ने शनिवार (22 जून) को मार गिराया था। आज (23 जून) को इनमें से एक आतंकी का शव मिला है। उरी के गोहलन इलाके में आज भी सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

---

## जाहीर नोटीस

**तहसिलदार तथा तालुका कार्यकारी दंडाधिकारी उल्हासनगर**
यांचे कार्यालय, गांधी रोड उल्हासनगर-5
दुरध्वनी क्र.:-02512530568 ईमेल : tahulhasnagar@gmail.com

**1) श्री. अशोक रणजीतसिंह लबाना** — **अर्जदार**
रा. उल्हासनगर, जि. ठाणे

**विरुध्द**

**2) निबंधक, जन्म मृत्यु नोंदणी विभाग,** — **सामनेवाले**
उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर

**तमाम जनतेस सदर नोटीसीद्वारे सुचीत करण्यात येते आहे ते येणेप्रमाणे:**

1. उपरोक्त अर्जदार यांची बहीन **सुनिता रणजीतसिंह लबाना** यांचा जन्म उल्हासनगर येथे दिनांक **07/05/1979** रोजी झालेला आहे. अर्जदाराकडुन काही अपरिहार्य कारणामुळे तसेच अनावधनामुळे सदर **जन्म** नोंद **निबंधक, जन्म मृत्यु नोंदणी विभाग, उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर** दफ्तरी करुन **जन्माचा दाखला** प्राप्त करुन घ्यावयाचा राहीला होता. अर्जदार यांना त्यांच्या वडीलांचा मृत्यू दाखल्याची आवश्यकता आहे.
2. उशीरा जन्म नोंदणी दाखला मिळणेसाठी मा. तहसीलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी यांचेकडुन आदेश प्राप्त करुन घ्यावयाचा असल्यामुळे सदर कार्यालयास किरकोळ अर्ज दावा क्र **48/2024** दाखल केला आहे.
3. सदर बाबत कोणत्याही व्यक्तीची कोणतीही हरकत असल्यास ही नोटीस प्रसिध्द झाल्यापासून 30 दिवसाच्या आत सदर न्यायालयात दाखल करावी वरील मुदतीत कोणी योग्य हरकत न दाखल केल्यास अर्जदार यांना सदर कार्यालयातर्फे अर्जदार यांची बहीन **सुनिता रणजीतसिंह लबाना** यांचा जन्म नोंदणीचा दाखला मिळणेकरीता आदेश करण्यात येईल.

आज दिनांक माहे 20/06/2024 रोजी माझे सहीने व शिक्क्याने दिली.

तहसील कार्यालयाचा शिक्का
**शिक्का**
हुकुमावरुन
सही/-
**कार्यकारी दंडाधिकारी,** उल्हासनगर

# विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू

## 25 जून से शुरू होगी मतदाता सूची पुनरीक्षण और मतदान केंद्र स्थापना की प्रक्रिया

**मुंबई.** लोकसभा चुनाव की बड़ी जिम्मेदारी से निवृत्त हुए भारतीय निर्वाचन आयोग ने अब महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड, सहित केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी शुरू कर दी है। कोई भी पात्र व्यक्ति मतदान से वंचित न रह जाए, इसलिए मतदाता सूची पुनरीक्षण सहित सुगम-सुरक्षित स्थानों पर मतदान केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया 25 जून से शुरू होने जा रही है।

मतदाता सूची अपडेट करने के लिए एक जुलाई को क्वालीफाइंग डेट तय करते हुए आयोग ने 20 अगस्त, 2024 को इन राज्यों के लिए मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि निर्धारित की है। निर्वाचन आयोग की ओर से बताया गया है कि महाराष्ट्र हरियाणा और झारखंड में वर्तमान विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 26 नवंबर 2024, तीन नवंबर 2024 और पांच जनवरी 2025 को समाप्त होने जा रहा है। कार्यकाल पूरा होने से पहले इन राज्यों में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं।




वहीं, निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद एक नए सदन के गठन के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की विधानसभा के लिए आम चुनाव कराए जाने हैं। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों में जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं की भारी भागीदारी को देखते हुए आयोग ने एक जुलाई, 2024 को क्वालीफाइंग डेट मानते हुए जम्मू-कश्मीर में मतदाता सूचियों को अपडेट करने का भी निर्देश दिया है।

सारी प्रक्रियाओं को तिथिवार पूरा कराते हुए 20 अगस्त, 2024 को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन का निश्चय किया गया है। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग प्रयास कर रहा है कि मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों को और भी छोटी बस्तियों के करीब लाया जा सके। बस्तियों के अलावा शहरी क्षेत्रों में ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी में मतदान केंद्र स्थापित करने पर आयोग का जोर है।

## संक्षेप...

### सड़क हादसे में अज्ञात राहगीर की मौत




**भिवंडी.** धामनकर नाका और कल्याण नाका के बीच मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार से जा रहे आटोरिक्शा की टक्कर से एक अज्ञात युवक राहगीर की मौत हो गई. शहर पुलिस ने आरोपी रिक्शा चालक को गिरफ्तार कर लिया है.

पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार आटोरिक्शा चालक पन्नालाल लालता प्रसाद पटेल अपने रिक्शा को कल्याण नाका की ओर ले जा रहा था, इसी बीच चालक ने एक अज्ञात व्यक्ति को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल हो गया. दुर्घटना के बाद घायल व्यक्ति को एक निजी अस्पताल में और फिर ठाणे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मृत्यु हो गई.इस मामले में भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में दुर्घटना का मामला दर्ज कर रिक्शा चालक पन्नालाल पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया है. मृतक अज्ञात युवक की पहचान नहीं हो सकी है.

### मंदिर में हुई चोरी

**कल्याण.** डोंबिवली के शास्त्रीनगर अस्पताल के पास एक मंदिर की दानपेटी से बीस हजार नकदी और घन्टा चोरी होने का मामला उजागर हुआ है। यह मंदिर कोपर रोड़ पर मीरा महल नामक बंगले के अंदर है। 21 जून की दोपहर डेढ़ बजे के करीब अज्ञात चोर बंगले में घुसे और मंदिर की दानपेटी से बीस हजार नकद और पीतल का घन्टा लेकर फरार हो गए। विष्णुनगर पुलिस के अनुसार मंदिर के मालिक सचिन जोशी कि शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है, और मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी के माध्यम से चोरों की तलाश की जा रही है।

# पिता द्वारा स्नैपचैट डाउनलोड करने का विरोध करने पर लड़की ने की आत्महत्या

**कल्याण.** डोंबिवली के लोढ़ा हेवन, निलजे में रहने वाले एक पिता ने अपनी 16 वर्षीय बेटी को अपने मोबाइल फोन में स्नैपचैट एप्लिकेशन इंस्टॉल करके सोशल मीडिया के संपर्क में न रहने की सलाह दी। हालांकि, बेटी ने अपने पिता की बात सुने बिना चुपके से स्नैपचैट ऐप इंस्टॉल कर लिया। पिता के चिल्लाने पर बेटी ने शुक्रवार की रात अपने घर में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

शिकायतकर्ता पिता का नाम संभाजी सदाशिव पाटिल (42) है।



उन्होंने ही मानपाड़ा पुलिस को अपनी बेटी की आत्महत्या के मामले की जानकारी दी थी. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. आप स्नैपचैट के माध्यम से अपनी तस्वीरें ले सकते हैं और उन्हें सोशल मीडिया पर फैला सकते हैं। बदले में अन्य प्रतीक्षारत समाज मीडिया ऐसी तस्वीरों को अपनी प्राथमिकता देते हैं। चूंकि यह प्रकार उपयुक्त नहीं था और इसका दुरुपयोग होने की संभावना थी। इसलिए संभाजी पाटिल ने अपनी 16 वर्षीय बेटी से अपने मोबाइल फोन पर स्नैपचैट एप्लिकेशन इंस्टॉल न करने के लिए कहा था।

फिर भी उसने अपने पिता की बात न मानते हुए अपने मोबाइल में स्नैपचैट इंस्टॉल कर लिया. जैसे ही यह बात पिता संभाजी पाटिल को पता चली तो उन्होंने लड़की के सामने नाराजगी जताई और दोबारा ऐसा काम न करने की चेतावनी दी. अपने पिता की सलाह नापसंद करने और गुस्से में आकर संभाजी की नाबालिग बेटी ने शुक्रवार की रात डेढ़ बजे के बीच अपने शयनकक्ष में फांसी लगा ली. देर रात इस तरह की बात परिवार को पता चली. इसके बाद इसकी सूचना थाने को दी गयी. मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक अभिजीत पाटिल कर रहे हैं.

# CM शिंदे ने की JCB ऑपरेटर के परिजनों को 50 लाख की मदद

- राकेश यादव के परिवार को सौंपा चेक
- 30 मई को हुई थी दुर्घटना, अभी तक नहीं मिला शव



**ठाणे.** एमएमआरडीए की तरफ से वर्सोवा खाड़ी के पास बनाई जा रही पाइपलाइन टनल की खुदाई के समय हुए हादसे में मलबे में दबे जेसीबी ऑपरेटर को राकेश यादव के परिवार वालों को 50 लाख रुपए की मदद उपलब्ध कराई गई, साथ ही उसके छोटे भाई को एलएंडटी कंपनी में नौकरी दी गई है. रविवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने ठाणे स्थित आवास में परिवार के सदस्यों को चेक सौंपा. इस अवसर पर राकेश की पत्नी सुशीला यादव, पिता बालचंद्र यादव सहित सहित मृतक का बेटा , बेटियां एवं भाइयों के आलावा एमएमआरडीए व एलएंडटी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.

एमएमआरडीए की तरफ से मीरा भायंदर मनपा क्षेत्र में जलापूर्ति को लेकर पाइप लाइन टनल का निर्माण किया जा रहा है. 30 मई को दुर्घटना हुई थी. मलबे में जेसीबी ऑपरेटर राकेश यादव दब गया था. जिसकी लाश अभी तक नहीं निकाली जा सकी है. उसके परिवार के लोग अभी भी मलबे के पास लाश की आस लगाए बैठे हुए थे. शुक्रवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मौका मुआयना किया था एवं परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर उनको ढांढस दिया था. मुख्यमंत्री शिंदे की तरफ से एमएमआरडीए को दिए गए निर्देश के अनुसार एलएंडटी कंपनी की ओर से 35 लाख रुपये और 15 लाख बीमा सहित 50 लाख का चेक रविवार राकेश यादव के परिवार को दिया गया. राकेश के भाई दुर्गेश को एलएंडटी कंपनी में नौकरी दी गई है.

परिवार को चेक देते समय एमएमआरडीए के संयुक्त आयुक्त राधबिनोद शर्मा, एमएमआरडीए के मुख्य अभियंता चामलवार, वरिष्ठ अभियंता हनुमंत सोनावणे, एलएंडटी के परियोजना प्रबंधक कॉलिन, पूर्व नगरसेवक एकनाथ भोईर उपस्थित थे.

# एमएनएस विद्यार्थी सेल ने मनसे स्टाइल में आंदोलन की दी चेतावनी

**कल्याण.** छह हजार छात्रों को अनुदानित शिक्षा से वंचित करने के मामले में सोमवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना विद्यार्थी सेल के कार्यकर्ताओं ने पेंढारकर कॉलेज में धावा बोला। मनसे के महाराष्ट्र राज्य संगठक संतोष गांगुर्डे की अगुवाई में मनसे कल्याण जिलाध्यक्ष धनंजय गुरव, डोंबिवली शहर अध्यक्ष मिलिंद म्हात्रे और मनविसे के नेतृत्व में मनसे कार्यकर्ता कॉलेज के संचालक प्रभाकर देसाई के कार्यालय में घुसे और विद्यार्थियों की समस्या को लेकर घण्टों चर्चा की। घंटे भर की चर्चा में कोई हल नहीं निकला। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नेताओं ने सरकार से जवाब मांगते हुए चेतावनी दी कि अब हम मनसे स्टाइल में विरोध प्रदर्शन करेंगे। उसके बाद



मनसे नेताओं ने शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना, और आश्वासन दिया कि मनविसे पूरी तरह से उनके साथ हैं। बतादें कि पेंढारकर कॉलेज के संचालक मंडल कॉलेज को अनुदानित से बिनाअनुदानित करना चाह रहा है। इसी मामले को लेकर पिछले दो हप्तों से कॉलेज में उठापटक चल रही है, जिसका विरोध मनविसे ने किया है। आंदोलन में कल्याण लोकसभा जिला सचिव प्रीतेश पाटिल, उप जिलाध्यक्ष दीप्तेश नाईक, शहर सचिव प्रीतेश म्हामुनकर, उपनगर अध्यक्ष प्राजक्ता देशपांडे, यतीन पांडगांवकर, प्रतीक देशपांडे, शहर संगठक हरीश पाटिल, संजय चव्हाण सहित मनसे विद्यार्थी सेल के तमाम कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मुंबई कांग्रेस ने की वर्षा गायकवाड़ को हटाने की मांग

**मुंबई.** मुंबई कांग्रेस के 16 वरिष्ठ नेताओं ने शहर इकाई प्रमुख वर्षा गायवाड़ को बदलने की मांग की। दरअसल, राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाला है। ऐसे में पार्टी की स्थिति को मजबूत करने के लिए नेताओं ने ये मांग रखी। उन्हें लगता है कि लोकसभा चुनाव में मुंबई उत्तर मध्य से जीत हासिल करने वाली वर्षा गायकवाड़ के पास संगठनात्मक स्तर पर काम करने के लिए समय नहीं है। सूत्रों ने बताया कि गायकवाड़ की कार्यशैली पर भी आपत्ति जताई गई।




इन नेताओं ने 16 जून को एक चिट्ठी लिखी, जिसमें उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले मुंबई में पार्टी के कायाकल्प पर चर्चा के लिए समय की मांग की। इस चिट्ठी पर राज्य सभा सांसद और कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य चंद्रकांत हंडोरे, शहर के पूर्व पार्टी प्रमुख जनार्दन चंदूरकर और भाई जगताप, वरिष्ठ नेता नसीम खान, सुरेश शेट्टी, मधु चव्हाण, चरणसिंह सपरा, जाकिर अहमद और महाराष्ट्र कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अमरजीत मन्हास के हस्ताक्षर शामल है।


इनमें से ज्यादातर नेताओं ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी के वरिष्ट नेता केसी वेणुगोपाल और राहुल गांधी से मुलाकात करने के लिए दिल्ली पहुंचें। ये सभी शहर में पार्टी को मजबूत करने को लेकर चर्चा करना चाहते हैं।

# संसद में गूंजा जय झूलेलाल

## इंदौर से जीते सांसद शंकर लालवानी ने सिंधी भाषा में ली शपथ

**नई दिल्ली.** भारतीय संसद में कल जय झूलेलाल की गूंज सुनाई दी. इंदौर संसदीय क्षेत्र से करीब 12 लाख वोटों से जीते शंकर लालवानी ने कल संसदीय सत्र में सिंधी भाषा में सांसद पद की शपथ लेकर सिंधी समाज व भाषा का गौरव बढ़ाया। उसके साथ ही शपथ के बाद जय झूलेलाल का जयकारा भी किया। सिंधी समाज में उनकी ऐतिहासिक जीत और सिंधी भाषा में शपथ पर गर्व महसूस किया है।

लालवानी जब 2019 में पहली बार सांसद बने थे, तब भी उन्होंने सिंधी भाषा में ही शपथ ली थी। तब



लालवानी से विपक्ष के नेताओं ने यह पूछा था कि कौन सी भाषा में शपथ ले रहे हो? इस पर लालवानी ने तीन बार जवाब दिया था कि मैं सिंधी भाषा में शपथ ले रहा हूं।

# उत्तराखंड के सीएम धामी मुंबई दौरे पर

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सम्मान समारोह में हुए शामिल

**मुंबई.** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुंबई के दादर वेस्ट में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस और उत्तराखंड में सबसे पहले यूसीसी लागू करने के अवसर पर आयोजित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सम्मान समारोह में शामिल हुए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ट्वीट कर यह जानकारी साझा की है।


सीएम धामी ने ट्वीट कर लिखा कि 'दादर वेस्ट मुंबई में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस एवं उत्तराखंड में सर्वप्रथम UCC लागू किए जाने के उपलक्ष्य में आयोजित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सम्मान समारोह में प्रतिभाग किया। निश्चित तौर पर यह सम्मान उत्तराखंड के प्रत्येक नागरिक का सम्मान है। जिनके समर्थन और आशीर्वाद से आज हमारा प्रदेश समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में आगे बढ़ा है। हमारी सरकार डॉ. मुखर्जी जी की प्रेरणा और आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र को आत्मसात कर समान नागरिक संहिता लागू कर रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि उत्तराखंड की भूमि से निकली यूसीसी की धारा पूरे देश को लाभान्वित करेगी। यह कानून सामाजिक कुरीतियों और विभिन्न कानून की जटिलताओं को समाप्त करने में भी कारगर साबित होगा।'



# सोनाक्षी सिन्हा ससुराल पहुंचकर इमोशनल हुईं

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने रविवार को शादी कर ली है। कपल ने दोपहर में रजिस्टर्ड मैरिज की और देर रात मुंबई के दादर स्थित शिल्पा शेट्टी के रेस्टोरेंट बैस्टियन में रिसेप्शन पार्टी होस्ट की।

इस पार्टी के कई इनसाइड वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। यहां कपल ने केक कट करके सेलिब्रेट किया। दोनों ने 'दबंग' के गाने 'तेरे मस्त मस्त दो नैन..' पर रोमांटिक डांस भी किया।



### हनी सिंह ने किया सोनाक्षी के लिए परफॉर्म

अपनी बेस्ट फ्रेंड सोनाक्षी की रिसेप्शन पार्टी में पहुंचे रैपर हनी सिंह ने भी जमकर परफार्म किया। डीजे पार्टी के दौरान हनी ने टेबल पर खड़े होकर गाना गाया जिस पर सोनाक्षी और जहीर डांस करते नजर आए।

### ससुराल पहुंचकर इमोशनल हुईं सोनाक्षी

इसके अलावा सोनाक्षी का एक और वीडियो वायरल है जिसमें वो इमोशनल नजर आईं। इस वीडियो में जहीर की खास दोस्त जन्नत वासी सोनाक्षी का स्वागत करते हुए उन्हें फूलों की माला पहनाती हैं। इसके बाद जब उन्होंने जहीर और सोनाक्षी को गले लगाया तब एक्ट्रेस इमोशनल हो गईं। इस दौरान सोनाक्षी की आंखों में आंसू आ गए जिन्हें वो पोंछती नजर आईं।

जन्नत ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, 'मेरे भाई की शादी हो गई है। पा और सोना को बहुत-बहुत बधाई। आप दोनों के लिए बहुत ज्यादा खुश हूं।'

वहीं रविवार देर रात एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर रजिस्टर्ड मैरिज के कुछ फोटोज शेयर किए थे। तस्वीरों में शत्रुघ्न सिन्हा रजिस्टर्ड मैरिज के दौरान सोनाक्षी का हाथ थामे नजर आए थे।

# साध्वी कुमुदलता के मार्गदर्शन में अनुष्ठान

**ठाणे.** अनुष्ठान आराधिका डॉ साध्वी कुमुदलता मसा, महाप्रज्ञा मसा, पदमकीर्ति मसा, राजकीर्ति मसा आदि ठाणा 4 के मार्गदर्शन व डोबीवली चातुर्मास समिति अध्यक्ष विमल डांगी के नेतृत्व में कल्याण मे अनुष्ठान का आयोजन रखा गया।अनुष्ठान के दौरान मंगल गाथाएं का श्रमण परंपरा के अनुसार वाचन व भक्तामर श्लोक का स्वर जाप किया गया।महासती ने अपने



उद्बोधन मे कहा की अनुष्ठान हमारे जिवन में लोकिक व परलोकिक इच्छाओ की पुष्टि करने वाला है। जिवन मे हर समय परमात्मा के प्रति नजदीक रहने की कहा ही अनुष्ठान है। कार्यक्रम में उपस्थित डोंबिवली संघ,मुंब्रा संघ, ठाणे संघ, खारघर संघ, के साथ साथ विमल बोलिया, मनिष सियाल, मनोज मेहता, बाबूलाल बडोला व डोंबिवली महिला मण्डल, ठाणे महिला मण्डल आदि का सम्मान महावीर डांगी, विमल डांगी व मैना डांगी, प्रियंका डांगी द्वारा किया गया। इस अवसर पर महेन्द्र चंड़ालिया, केतन रांका, राजेश मेहता,वक्तावरमल सिसोदिया, कालूलाल बोहरा, देवीलाल हिंगड़, देवीलाल बोहरा, लोकेश कागरेचा, राजेश वदामा, आनंद बडोला आदि उपस्थित थे।

# सपा का मुंब्रा में टोरेंट पावर कार्यालय पर धरना आंदोलन

**मुंब्रा.** टोरेंट पावर की मनमानी से परेशान मुंब्रा कौसा के नागरिकों की विभिन्न शिकायतों को देखते हुए समाजवादी पार्टी के कलवा मुंब्रा विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल मन्नान शेख के नेतृत्व में सोमवार को भारत गियर स्थित टोरेंट पावर कार्यालय पर जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। इस आंदोलन में पार्टी के पदाधिकारियों के अलावा स्थानीय रहिवासी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने टोरेंट पावर के वरिष्ठ ग्राहक सेवा अधिकारी प्रसाद सुतावने व गजानन तांबे सहित कर्मचारियों को एक निवेदन भी सौंपा। दिए गए निवेदन में उल्लेख किया गया है कि जबसे टोरेंट पावर कलवा मुंब्रा शील विभाग में आई है। तभी से ग्राहक त्रस्त हैं। बिजली बिल न भरने पर तुरंत लाइन काट दी जाती है। टोरेंट कर्मचारियों का दुर्व्यवहार व अनसुनी के खिलाफ, बिजली मीटर की तेज (गलत) रीडिंग के खिलाफ। दूसरी कंपनियों की तुलना में टोरेंट पवार ज्यादा बिजली बिल भेजे जाने के खिलाफ, पीडी और टोरेंट द्वारा निकाले गए मीटर पर भी लगातार बिल भेजे जाने के खिलाफ ऐसे तमाम शिकायतों पर पार्टी लगातार आवाज उठा रही है।

मालूम हो कि समाजवादी पार्टी ने इसके पूर्व नवंबर 2023 में मुंब्रा में टोरेंट पावर के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया था। वहीं 24 जून सोमवार को टोरेंट पावर कार्यालय के बाहर जोरदार धरना आंदोलन किया गया। सपा कलवा मुंब्रा विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल मन्नान शेख ने कहा कि शिकायतों का निराकरण नहीं होने पर करेंगे सड़क जाम आंदोलन किया जाएगा।

### आम सूचना

मैं श्री पवन अनिल रिजवानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 18, ग्राऊंड फ्लोर, कोहिनूर काम्पलेक्स, रुम नं. 1-2, बैरक नं. 352, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 21बीआय017689600) उक्त प्रॉपर्टी श्री प्रकाश लछमनदास रिजवानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 20.6.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री पवन अनिल रिजवानी**

### आम सूचना

मैं श्रीमती हरबंशकौर बलबीरसिंग गुरनरसिंघानी सभी को सूचित कर रही हूं कि शॉप नं. 2, बैरक नं. 1565 के पास, बरखा अपार्टमेंट के पास, सेक्शन 28, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 42सीआय012626200) उक्त प्रॉपर्टी श्री सुरेंद्रसिंग हरनामसिंग गुरनरसिंघानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 22.6.2022 सी.नं. 88 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती हरबंशकौर बलबीरसिंग गुरनरसिंघानी**

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099